[Shri Nambiar]

whereby the circus industry will be at a disadvantage because it will be deprived of the service of children; I should not be attacked in that way. Mr. Manoharan said that this industry cannot have all its glamour, etc. if small children are not there to do feats. If what they are doing is illegal, as per what the hon. Deputy Minister says, that illegality must be stopped. If by doing so the industry is going to be affected adversely, Government should come to the rescue of that industry and to help them. I could suggest how Government could help them, just as, by exempting them from the operation of entertainment tax, by giving them other facilities. My purpose was never to do any harm to the industry and I made it clear. It is an industry which is built by the private sector and poor people had to suffer untold hardship to build an industry of that type and our circus industry is second to none, in any part of the world. That is a great achievement and this industry must flourish. Therefore, whatever lacuna is there, it may be removed so that these employees are protected.

The hon. Deputy Minister said that where compensation was not paid he would go through those cases brought to his notice and we shall certainly bring to his notice. But any lapses by way of time may be condoned by him.

Shri R. K. Malviya: The hon. Member has to apply to the Commissioner direct.

Shri Nambiar: We will represent these cases to the Labour Commissioner concerned. But there is the time factor. No circus employee knew that he was having the benefit of all the labour laws. Even I could not find out whether they would come under the provisions of these Acts. That difficulty should be removed and the employees should be helped. I am however satisfied with the reply given. But there is this difficulty. Certain lacuna still remains in the labour legislation and the hon. Deputy Minister should bear with me if I press the Bill for a voice vote. I shall certainly bring the cases to his notice and shall offer my fullest co-operation in this respect.

Mr. Deputy-Speaker: The question is:

> "That the Bill to protect the Circus employees by bringing them under the operation of the Industrial Disputes Act, 1947 and the Workmen's Compensation Act, 1923, etc. be taken into consideration."

The motion was negatived.

15.28 hrs.

SALARIES AND ALLOWANCES OF MEMBERS OF PARLIAMENT (AMENDMENT) BILL

(*Amendment of sections 3 and 5*) *by* Shri Raghunath Singh

Mr. Deputy-Speaker: I have to inform the House that the following communication dated the 23rd April, 1964 addressed to the Secretary, Lok Sabha has been received today from Shri Satya Narayan Sinha, Minister of Parliamentary Affairs:

> "Having been informed of the subject matter of the Salaries and Allowances of Members of Parliament (Amendment) Bill, 1964 introduced by Shri Raghunath Singh in Lok Sabha, the President has been pleased to recommend under Article 117(3) of the Constitution, the consideration of the said Bill."

> "I am to inform you that it is not proposed to advise the President to recommend the moving of amendments Nos. I and No. 4 sponsored by Shri C. H. Mohd. Koya and Shri M. K. Kumaran and Shri Kashi Ram Gupta to

amend the Salaries and Allowances of Members of Parliament (Amendment) Bill by Shri Raghu-Nath Singh. This may kindly be brought to the notice of the Speaker, for in the absence of President's recommendation the amendments cannot be moved under Article 117(1) of the Constitution.

It may also be brought to the notice of the Speaker that the proposed amendments attract the Provisions of Article 110(1)(a) of the Constitution as well as Article 274 of the Constitution."

Shri Kashi Ram Gupta (Alwar): I have sought the Prisident's permission for my amendments. I think it has been received.

Mr. Deputy-Speaker: It has not been received.

Shri Raghunath Singh (Varanasi): Sir, I beg to move . . . (*Interruptions*).

Shri Priya Gupta (Katihar): The poor Central Government employees are asking for allowances. . .

Shri S. M. Banerjee (Kanpur): Sir, on a point of order. This Bill cannot be moved.

Rule 69(1) says:

"A Bill involving expenditure shall be accompanied by a financial memorandum which shall invite particular attention to the clauses involving expenditure and shall also give an estimate of the recurring and non-recurring expenditure involved in case the Bill is passed into law."

My submission is only this. The financial memorandum is attached and it says:

"The provisions of the Bill if enacted would involve an additional expenditure of approximately Rs. 13, 50,000 in Daily Allowance and approximately Rs, 9,00,000 on account of increase in salary. It is difficult to assess expenditure on account of the provision of intermediate air journeys; it is, however, likely that an expenditure of about Rs. 10,00,000 may have to be incurred on this account."

My submission is that the rule clearly provides that the financial memorandum shall invite particular attention to the clauses. Since the clauses have not been mentioned here. I feel that this requires amendment by Members, or, the Bill cannot be moved unless as the clauses are mentioned in the financial memorandum.

The second point is this. As announced by you, the sanction of the President has been obtained only on the 23rd April, 1964, if I heard him aright. It means that the sanction of the President was not obtained at the introduction of the Bill. It is an after thought. I would like to know who is responsible for not getting the sanction in time. For these two reasons I feel that the Bill should not be allowed to be moved.

Mr. Deputy-Speaker: The financial memorandum has been given in the Bill. The clauses have also been given. I think the provisions of the rule have been complied with. So far as the other point is concerned, it requires sanction only to the consideration stage. Now, we are at the consideration stage, and the President's sanction has been obtained. There is no point of order.

Shri S. M. Banerjee: You have correctly mentioned it but you have not read the other part which says:

"Provided that where a clause in a Bill involving expenditure is not printed in thick type or in italics. . ."

I have relied on rule 69(1) and not on rule 69(2).

Mr. Deputy-Speaker: The relevant clauses are also in thick type. The rules have been fully complied with. I have given my ruling.

Shri S. M. Banerjee: More time may be given.

Mr. Deputy-Speaker: That is a different matter.

Shri Raghunath Singh: I beg to move*:

> "That the Bill further to amend the Salaries and Allowances of Members of Parliament Act, 1954, be taken into consideration."

उपाध्यक्ष महोदय, मैं इस विधेयक को उपस्थित करते हुए सदन को सूचित करना चाहता हूं कि हमारी भारतीय संसद में हमें जो एलाउन्स और वेतन मिलता है वह दुनिया की किसी भी अन्य संसद से कम है। इस से कम दुनिया की किसी संसद में नहीं मिलता। मैं आप को दो चार उदाहरण इस के देना चाहता हूं। पहले मैं कामन वैल्थ देशों को लेता हूं। कनाडा में संसद के सदस्यों को प्रति मास २०८० रुपया मिलता है। (*(Interruptions)*.) सीलोन में ६७५ रुपया प्रति मास, न्यूजीलेंड में ६०० रुपया प्रति मास स मारीशस में जो कि एक छोटा सा देश है, केवल ३० मील लम्बा है, उस की पलियामेंट के मेम्बरों को प्रति मास १०० रुपया मिलता है, यू० के० में हाउस आफ कामन्स के सदस्यों को केवल सेलेरी में १९४४ रुपया प्रति मास मिलता है।

अब आप अरब देशों को देखें। ईजिप्ट में संसद के सदस्यों के प्रति मास ५५० रुपया मिलता है, ईराक में ६६० रुपया प्रति मास मिलता है।

15.34 hrs.

[DR. SAROJINI MAHISHI *in the Chair*]

आप यूरोप के छोटे छोटे देशों को लें। मैं उनके कुछ उदाहरण आप के सामने रखना चाहता हूं। बेलजियम में संसद् के सदस्यों को ११०० रुपया प्रति मास मिलता हैं, चैकोस्लोवाकिया में ११४६ रुपया चार आना प्रतिमास मिलता है।

श्री प्रिय गुप्त : बेलजियम में मजदूर को कितना मिलता है, क्या वहां कोई भूखा रहता है ?

श्री बागड़ी : (हिसार) : यहां किसान भूखा मरता है और आप अपनी सेलरी बढ़वाना चाहते हैं।

श्री रघुनाथ सिंह : अगर ऐसा है तो आप चार सौ रुपया क्यों लेते हैं, साढ़े सात आना रोज लीजिये। *(Interruptions)*. अमरीका में हाउस आफ रिप्रेजेंटेटिव्स के सदस्यों को ५००० रुपया प्रति मास मिलाता है अरजेंटाइना में १५०० रुपया प्रति मास मिलता है और ब्राजील में करीब ३००० प्रति मास मिलता है।

इस के अलावा जो हिंदुतान में असेम्बलीज हैं उन का मैं आप को उदाहरण देना चाहता हूं। हम लोग कुछ असेम्बलियों के सदस्यों से भी कम तनखाह और एलाउंस पाते हैं। आप देखें कि आसाम में ४०० रु० प्रति मास मिलता है और २१ रुपया प्रति दिन डेली एलाउंस, पंजाब में ३०० रुपया प्रति मास और २५ रुपया डेली एलाउंस उत्तर प्रदेश में ३०० रुपया प्रति मास और फ्री बंगला या ७५ रुपया हाउस रेंट और १५ रुपया डेली एलाउंस, वैस्ट बंगाल मे हाल ही में लेजिस्लेशन पास हुआ है, जिसके अनुसार वहां असेम्बली के सदस्यों को ३०० रुपया प्रति मास और

*Moved with the recommendation of the President.

१७ रुपया डेली एलाउंस मिलता है, जम्मू काश्मीर में ३०० रुपया प्रति मास और १५ रुपया डेली अलाउंस। (*Interruptions.*)

श्री राधेलाल व्यास (उज्जैन) : इस तरह अगर बीच बीच में ऐतराज किये जायेंगे तो कैसे काम चलेगा।

Shri Koya (Kozhikode): I rise to a point of order.

सभापति महोदय : आप सुन लीजिये बाद में आपको भी बोलने का मौका मिलेगा।

श्री रामेश्वरानन्द (करनाल) : जब यह बोलेंगे तब क्या आप औरों को रोक सकेंगे ?

Maharajkumar Vijaya Ananda (Visakhapatnam): On a point of order. Those who are not inclined to accept this need not draw it. (*Interruption*).

श्री रघुनाथ सिंह : इसके अलावा आस्ट्रेलिया में एक सदस्य को पार्लियामेंट में एक कमरा मिलता है, एक स्टेनो टाइपिस्ट मिलता है, एक पी० ए० मिलता है और ऊपर से आने जाने का खर्च मिलता है।

मलाया में, जो कि एक बहुत छोटा सा देश है, कनवेएंस के लिए एक कार मिलती है एक पी०ए० मिलता है, एक स्टेनो मिलता है और साथ ही साथ उनकी तनखाह हम से ज्यादा है।

अब मैं आप को यह बताना चाहता हूं कि आखिरकार हम लोग क्यों चाहते हैं कि हमारा वेतन और भत्ता बढ़ाया जाये। मैं इस पार्लियामेंट का बहुत दिनों से मेम्बर हूं। मेरा अपना अनुभव है कि मुझे तीन महीने से एक पैसा नहीं मिलता। हाउस रेंट, कांट्री-ब्यूटरी हेल्थ स्कीम का चन्दा, इनकम टैक्स और बिजली आदि का पैसा काटने के बाद जो बचता है उसमें यहां रहना बड़ा मुश्किल है। और दूसरे हमारी सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि हमें दो एसटेबलिशमेंट रखने पड़ते हैं। आप राज्यों को लें या यू० के०, बेलजियम या फ्रांस जैसे देशों को लें, जो कि छोटे मुल्क हैं वहां आदमी देश के किसी कोने से पार्लियामेंट में तीन या चार घंटे में पहुंच सकता है। लेकिन केरल के आदमी को यहां आने में तीन दिन लगते हैं, बनारस से आने में एक दिन लगता है, असम से आने में चार दिन लगते हैं, नागालैंड से आने में पांच दिन लगते हैं। और हम लोगों के यहां, जो कि लोक सभा के सदस्य हैं, कांस्टीट्यूएंसी के भी दो चार आदमी रोज आते रहते हैं। कम से कम मेरा बंगला तो हमेशा भरा रहता है। इस वास्ते आप देखें कि इस थोड़े से एलाउंस में और इस थोड़ी सी तनख्वाह में ईमानदारी के साथ सच्चाई के साथ न तो हम काम कर सकते हैं अगर हम पार्लियामेंट में ठीक से काम करना चाहें और हम अपना समय देना चाहें अपनी कांस्टीटुएंसी में और यहां भी तो हम को अपने वेतन और डी० ए० को जरूर बढ़ाना चाहिए। इन शब्दों के साथ मैं इस संशोधन बिल को उपस्थित करता हूं और मैं आशा करता हूं कि माननीय सदस्य किसी भावना के कारण प्रेरित होकर सका विरोध नही करेंगे बल्कि सच्चाई का मुकाबला करेंगे सच्चाई यह है कि इतनी छोटी तनख्वाह से हमारा काम नहीं चल सकता है। हमारी तनख्वाह है क्या ? हम लोग एम० ए० बी० ए० पास करके यहां आये हैं, हम में से डाक्टर्स हैं वकील हैं और अगर हम से यह अपेक्षा की जाती है कि हम बारहों महीने अपने उत्तरदायित्व को ठीक से निबाहें और अपना पूरा समय पार्लियामेंटरी काम के लिए दें तो यह मौजूदा ४०० रुपये की तनख्वाह जोकि आज एक मामूली कर्मचारी को मिलती है, वह नाकाफी है। इस के अलावा हम लोगों को अपनी कांस्टीटुएंसीज में भी बक करना पड़ता है और हम को एलेक्शन लड़ना पड़ता है और एलेक्शन लड़ने के वास्ते भी हमें रुपया चाहिए (**इंटरप्शंस**)

एक माननीय सदस्य : नौकरी कर लीजिये।

श्री रघुनाथ सिंह : माननीय सदस्य नौकरी करने के लिए कहते हैं लेकिन नौकरी के लिए हम लोग ओवरएज हो गये हैं और हम को नौकरी कहीं मिल नहीं सकती है।

एक माननीय सदस्य : तो साधू बन जाइये ।

श्री रघुनाथ सिंह : ठीक है साधू बन सकते हैं और कुछ नहीं हो सकता है। मैं और अधिक न कह कर इस विधेयक को सदन के सम्मुख उपस्थित करता हूं और आशा करता हूं कि सदन इसे पास करेगा ।

Mr. Chairman: Motion moved:

> "That the Bill further to amend the Salaries and Allowances of Members of Parliament Act, 1954, be taken into consideration."

There are two amendments. The first amendment by Shri Ram Sewak Yadav and Swami Rameshwaranand is ruled out as frivolous. I will read the amendment:

> "That the Bill be circulated for the purpose of eliciting opinion thereon by the 15th March, 1967."

So, it is ruled out as frivolous.

Is Mr. Banerjee moving the second amendment?

Shri S. M. Banerjee: Yes. I beg to move:

> "That the Bill be circulated for the purpose of eliciting opinion thereon by the 10th August, 1964".

श्री प्रिय गुप्त : इस "फ्रिवलस" शब्द का हिन्दी में क्या मतलब होता है ?

श्री रामसेवक यादव (बाराबंकी) सभापति महोदया आपने अभी जो निर्णय दिया है उस के बारे में मैं . . . .

Mr. Chairman: It is quite obvious. He cannot challenge the ruling.

मेम्बर लोगों से मेरी प्रार्थना है कि बीच में इस तरह से वे रनिंग कमेंटरी न चलायें । क्योंकि इस तरह से मुख्य वक्ता की बात समझना मुश्किल होती है। जब उन्हें समय मिले तो वे अवश्य इस बारे में जो भी उन्हें कहना हो कहें ।

श्री रामसेवक यादव : मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है . . . .

Mr. Chairman: The ruling of the Chair cannot be challenged.

Shri S. M. Banerjee: Before the discussion started, I gave a motion that as many Members want to speak, the time may be extended. That motion should be placed before the House and the time should be extended by an hour.

Mr. Chairman: If there are more Members who want to speak, we shall consider at the right time.

Shri S. M. Banerjee: You may just ascertain how many Members want to speak.

Mr. Chairman: It is not necessary at this stage. At the proper stage, of course, the motion may be moved and put to the House. (*Interruptions*). I learn that at 2.30 Mr. Banerjee himself moved that particular motion that this particular report be adopted.

Some Hon. Members: Shame!

Mr. Chairman: If more members want to speak, the motion may be moved at the proper time and put to the House.

Shri Daji (Indore): I want to make a solemn appeal to the House. We are discussing this Bill about our own salaries and allowances. Let us discuss it in a good atmosphere. Let it not go out in the country that we were shouting at each other and entering into frivolous arguments. If there cannot be decorum during this

discussion we shall be holding ourselves up to ridicule. We shall hear each other patiently, argue without imputing motives and come to a conclusion. Why should there be excitement?

Mr. Chairman: That is the opinion of the whole House. Shri Vidyalankar.

श्री अ० ना० विद्यालंकार : (होशियारपुर) : सभापति महोदया, जहां तक इस बिल के सपोर्ट का ताल्लुक है मैं इस से सहमत हूं और जो कुछ मेरे दोस्त श्री रघुनाथ सिंह ने कहा है, जिन हालात का उन्होंने जिक्र किया है, उन तमाम चीजों को मैं स्वीकार करता हूं। लेकिन मैं समझता हूं कि जिस वक्त हम इस बिल के ऊपर विचार कर रहे हैं और इसे पास करने जा रहे हैं, उस समय हमें देश के हालात को और जो आम लोगों की इस वक्त भावना है, साइकोलिजी है, उसका भी ख़याल रखना चाहिए। यह उस समय और भी आवश्यक हो जाता है जबकि हम मेम्बर्स खुद ही एक क़ानून को पास करने वाले हैं, और खुद ही बैनीफिशिएरीज भी हैं, हम स्वयं ही उस कानून से फायदा उठाने वाले हैं, वहां हमें इस बात पर जरा ज्यादा ध्यानपूर्वक ख़याल करना चाहिए कि कोई चीज जोकि हम कर रहे हैं उसका जनता पर प्रभाव कैसा पड़ता है। जब तक जनता के ऊपर पड़ने वाले प्रभाव का हम पूरी तरह से अंदाजा न लगा लें तब तक मैं समझता हूं कि हमें जल्दी में कोई इस तरह की चीज पास नहीं करनी चाहिए। इसलिए मैं समझता हूं कि बावजूद इस बात के कि जो कुछ मेरे दोस्त श्री रघुनाथ सिंह ने कहा, जो कुछ मेम्बरों के हालात हैं जिनसे कि मैं भी बखूबी वाकिफ़ हूं कि यहां पर मेम्बर्स को करीब करीब सारे साल काम करना पड़ता है अगर वह अपने काम और जिम्मेदारी के साथ इंसाफ़ करना चाहें, मैं जानता हूं कि अधिकतर मेम्बर्स इस सदन् के ऐसे हैं जोकि बहुत अमीर नहीं हैं और उन को काफ़ी मुश्किल होती है जबकि उन्हें अपनी कांस्टीटुएंसी में भी जाना हो और यहां का भी खर्चा उन्हें चलाना हो, दो जगह अपना इस्टैबलिशमेंट चलायें, लेकिन इन तमाम चीजों के बावजूद मैं समझता हूं कि हमें जनता की भावनाओं का ख़याल करते हुए और यह समझते हुए कि हमारे देश में बहुत अधिक लाखों की संख्या में जनता ऐसी है जोकि बहुत ही बुरी हालत में गुजारा करती है, खासतौर पर आजकल के महंगाई के जमाने में, इसलिए ऐसा महसूस करता हूं, कि उस बिल को स्प्रिट के साथ सहमत होते हुए भी, मैं ऐसा समझता हूं कि हमें इस तरह का बिल अभी पास नहीं करना चाहिए। हमें इस बात की जिम्मेदारी लेनी चाहिए कि जब तक हम उन शिकायतों को जोकि मोटी मोटी शिकायतें जनता की हैं, ख़ास कर बढ़ती हुई महंगाई की और हमारी वैल्थ के अनइक्वैल डिस्ट्रिब्यूशन की, यह जो जनता की मोटी मोटी शिकायतें हैं जब तक यह सदन् उन शिकायतों को रफ़ा न कर ले तब तक हमें इस तरह का फ़ायदा उठाने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। मैं मानता हूं कि यह फ़ायदा लेना ठीक है लेकिन मैं समझता हूं कि जो जनता के लीडर हों, जनता के प्रतिनिधि हों, उन्हें यदि तकलीफ़ उठाने का मौका आये तो उसे उठाने के लिए सबसे आगे होना चाहिए और जब फ़ायदा उठाना हो तो सबके बाद में उन्हें फ़ायदा उठाना चाहिए। इस दृष्टि से मैं समझता हूं कि अभी मौका नहीं है कि इस तरह के बिल को पास किया जाये। हमें इस वक्त इस बिल को पेंडिंग रखना चाहिए और इस को अभी पास नहीं करना चाहिए।

Shri Daji: Madam, this Bill has been moved and supported by Shri Raghunath Singh. I feel a little awkward to ask why, if this was the intention of the Government, if this was the intention of the party in power, this Bill was not brought forward as an official Bill. Why should the Government evade the issue? Why should the Government not face the country and bring this as an official Bill? Why was it so

[Shri Daji]

manoeuvred and brought here as a non-official Bill with the full support, not only full support but extra-vociferous support, of the party in power as we are witnessing today? Such support we have not even seen for some of the most public policies of the Prime Minister. Even during the debate on such policies this vociferous support has not been coming forth in this House. (*Interruption*). Have they no patience, Madam, to hear one who speaks so soberly?

Shrimati Yashoda Reddy (Kurnool): Madam, I rise to a point of order. I object to the hon. Member saying that this has been brought by the back-door. Even when this was moved in the meeting of the Executive, the Prime Minister opposed it. If at all it will be accepted, it will not be because the Government brought it by the back-door but because the hon. Members here wanted it.

Mr. Chairman: Order, order. There is no point of order. The hon. Member may resume her seat.

Shri Daji: I had pleaded, Madam, that the Bill should be considered more dispassionately. It should be considered in a more cool atmosphere. Let us discuss it in a dignified way. Let us not hurl motives at each other. Let us not hurl words at each other. That will not do any credit to the House, to the dignity of the House.

The hon. Mover has mentioned certain reasons in his Statement of Objects and Reasons. No one will dispute the reasons that he has given. No one will dispute that we have to maintain more than one establishment. No one will dispute that the prices have risen. In fact, the rising prices have been one of the major issues on which we of the Opposition have always arraigned the Government. We do not say that the prices have not risen. We do not also deny that in the countries which he has listed the Members of Parliament get more. But I would like to put one pertinent question. If in Australia, New Zealand or England the Members of Parliament get more salary and allowances, I would like to know what is the national income of those countries and what is the *per capita* income of the people in those countries whom we are comparing with a poor country like India. Sometime back we had a discussion here and Dr. Lohia said that the average income here was three annas whereas the Minister said that it was seven annas. I would only remind the House of that discussion.

An Hon. Member: What is your salary here?

Shri Daji: I am coming to that. When you are considering the question of an increase in salary to be given to Members of Parliament, please do not forget the background that more than 60 per cent of our people are living, according to the Government's own figures, on a mere seven annas. It is in this background, it is from this poor country, it is from these starving and semi-starving people, it is from these over-taxed people whose backs have broken by the burden of additional taxation which is continuing and mounting year after year, that we are demanding more salaries for ourselves.

Madam, may I beg of this House to ponder for one more minute and think on this point. Is it not a fact that we, Members on both the sides, have failed to impose upon the Government a policy to stop the rise in prices. We, Members on both the sides, have failed to impose upon the Government a policy to stop the tax burden. We, Members on both the sides, have failed to impose upon the Government a policy of justice to its own employees.

Only in the beginning of this session to lakhs of government employees the dearness allowance was raised by

Rs. 2—*mia ko ex our bibi ko ek*. Now for ourselves we want Rs. 10 more per day and Rs. 100 more per month. Have we any moral ground to ask for it, even to move this Bill much less to pass it. Shall we be having any moral ground to face the people of our constituency, to face the employees there, to face the chaprasi of the collector or the patwari in our own district or constituency? We in our wisdom want for ourselves Rs. 10 more per day whereas we are not able to give them even Rs. 10 per month more.

Madam, this Bill cannot be considered by drawing a parallel with the salaries and amenities that members of Parliament and legislatures in other countries get. If a Bill had been brought giving more working amenities to Members of Parliament, amenities in connection with our work in our constituencies, we could have supported it. For example, there is the question of telephone charges. Each Member of Parliament may be given free telephone service in our constituency. Even free postal service can be given to us.

Shri Raghunath Singh: It will not cost money?

Shri Daji: Even if it costs money, it will be for the discharge of our work for which we are elected here.

Shrimati Renu Chakravartty (Barrackpore): It will not be for putting in your bank.

Shri Daji: Supposing we want to write to the Minister representing the grievances of the people of our constituency, why should we affix stamps worth 15 naye paise? If such facilities are given, it will really help us in our work in our constituencies from which we have been elected. Then it would have been a different matter. But to ask for an increase in daily allowance from Rs. 21 to Rs. 31 and an increase in salary from Rs. 400 to Rs. 500 would be not only unjustifiable but also immoral and unconscionable in the conditions of abject poverty that prevails in our country today.

Madam, we all know the big battle that the working class of Bombay and Ahmedabad raged over the question of correction of the cost of living index. Even the cost of living index for the common people worked out by our Government is not correct. The Government is unable to work out even the correct cost of living index. There is fraud in the working out of this index, so that the dearness allowance may not be increased. There is a big conspiracy between the employers and Government which is itself a big employer employing lakhs of employees in the railways, postal department and in the civil service. Even according to the Pay Commission there is an increase of ten points in the cost of living index. Yet we have not given the required increase in dearness allowance to the government employees.

Therefore, if you consider the whole situation in the country, the impact of poverty, the failure to hold the price line, to lessen the tax burden and other things, I think this Bill ought not to have been brought. We are not opposing it in the spirit of opposition.

Madam, I am pained at the amendment moved by my hon. friend, Shri More, saying that those who do not want to take more should take less. If you pass this amendment, apart from this being discriminatory, I would only say, please do not try to mock at the principle of opposition. If you want to be so devoid of any consideration, if you are bent upon being devoid of any consideration of decency and you pass this Bill and this amendment, nothing can be a more monumental shame than this that the majority can impose on the minority. We are not going to be bludgeoned by such mocking amendments. Let the House remember that we are not opposing it for opposition sake. We are opposing it from the principle of

[Shri Daji]

opposition taken by my hon. friend Shri Vidyalankar with whom we fully agree. We agree that this should be considered dispassionately and that it should be postponed to a better day when we can give two square meals to every Indian.

We have no right to take more. As Shri Vidyalankar says, being the representatives of the people, we must be the first to suffer and the last to reap the benefit. As the captain of the ship we must be the first to face all the dangers and sufferings. We must set an example, an ideal. Particularly during this emergency, Madam, this will be treated as a mockery of the emergency and the determination to which this Parliament is pledged.

श्री स० मो० बनर्जी : सभानेत्री महोदया, मैं चाहता हूं कि यह बिल सर्क्युलेशन में भेजा जाये . . .

Shri S. S. More (Poona): Let there be some time limit for speeches.

Mr. Chairman: There is.

An Hon. Member: Only five minutes.

Shri S. M. Banerjee: In that case, the time may be extended. It should be not less than ten minutes.

Mr. Chairman: I will ring the bell at the end of the time. Then the hon. Member should conclude . . . (*Interruptions*). Order, order. I have called Shri S. M. Banerjee. I hope other hon. Members will give him a patient hearing.

श्री रामसेवक यादव (बाराबंकी) : कांग्रेस के सभी लोग चाहते हैं कि वेतन बढ़ जायें। उनको बोलना तो है नहीं इस वास्ते जो माननीय सदस्य इसका विरोध करना चाहते हैं उनको कम से कम दस मिनट दिये जायें। अगर ऐसा नहीं होता है तो वे अपनी पूरी बात आपके सामने रख नहीं पायेंगे।

श्री कपूर सिंह (लुधियाना) : दस मिनट में क्या कहना है। जो बात कहनी है वह पांच मिनट में ही कही जा सकती है।

श्री स० मो० बनर्जी : मेरा एमेंडमेंट है :

"That the Bill be circulated for the purpose of eliciting public opinion thereon by the 10th August, 1964."

इस एमेंडमेंट को रख कर मैंने यह कोशिश नहीं की है कि १९६५ तक या १९६६ तक इसको पोस्टपोन कर दिया जाये। मैंने केवल यही चाहा है कि इसको अगर जनमत जानने के लिए प्रसारित किया जाये और दस अगस्त १९६४ तक यह बिल फिर इस सदन में वापिस आ जाये तो हमारे मित्र जो इधर बैठे हैं और वे भी जो उधर बैठे हैं, उनको मालूम हो जायेगा कि आखिर आम जनता हमारे बारे में क्या सोचती है।

एक माननीय सदस्य : खूब सोच रही है।

श्री स० मो० बनर्जी : बाहर जो छोटे छोटे बच्चे भी हमारे बारे में सोचते हैं, उसको देख कर हमें ताज्जुब होता है। मैं कोई कटाक्ष करने की गर्ज से यह बात नहीं कह रहा हूं और न ही किसी प्रकार का कोई आरोप लगा रहा हूं। लेकिन बच्चों को कहते हुए हम सुनते हैं कि संसद् सदस्य की परिभाषा क्या है। छोटा बच्चा कहता है कि चार सौ रुपये माहवार, २१ रुपये रोज, हां, नां की नौकरी, राज भवन में भोज . . .

श्री रघुनाथ सिंह : आप छोड़ दीजिये।

श्री स० मो० बनर्जी : आप इत्मीनान रखिये, पांच बजे से पहले ही आप को यह मिलने जा रहा है, क्यों आप तब चिल्ला रहे हैं ?

मैं इस सदन के तमाम मित्रों के सामने एक चीज बड़ी ही संजीदगी के साथ रखना

चाहता हूं । हममें से हर एक को अपने दिल पर हाथ रख कर यह सोचना चाहिये और यह देखना चाहिये कि लोक सभा के लिये चने जाने से पहले हमारी आमदनी क्या थी ? मैं ढाई सौ रुपये का क्लर्क था, एक अपर डिविजन क्लर्क था । सिर्फ ढाई सौ रुपये माहवार मुझे मिलता था । मैं एक चीज . . . (इंटरप्शंज)

Shri Daji: Mr. Chairman I am constrained to remark that there is too much of noise. If the hon. Member is not given a patient hearing, the noise will be met by double noise. So, I request the Minister to control the Congress benches. Otherwise that noise will be met by double noise from our side.

Mr. Chairman: I request hon. Members from all sides to give him a patient hearing.

Shri Ram Sewak Yadav: Why all sides? Because the Congress Members are so impatient, they are making so much noise.

Mr. Chairman: That is why I request all other hon. Members to sit down and keep quiet.

श्री स० मो० बनर्जी : आखिर आज हम इस बिल का विरोध क्यों करना चाहते हैं, इसको आप सुने । एक बात अभी इसी सदन में हमारे मित्र दाजी जी ने कही है । हमारे नन्दा जी ने साफ तरीके से एलान करके कहा था कि यह बात सच है कि २७ करोड़ लोगों की आमदनी यहां सिर्फ सात आने रोज है । मैं आप के सामने . . .

श्री विभूति मिश्र (मोतिहारी) : बनर्जी साहब का लास्ट इलैक्शन में कितना खर्च हुआ और जो खर्चा हुआ, वह पैसा कहां से आया, इनको वह बतायें ।

श्री प० ना० कयाल (जयनगर) : चाइना से आया ।

16.00 hrs.

Shri S. M. Banerjee: I am strong enough to manage this crowd. I know that this is an assembly of those people who have won the elections cause of the mercy of Birlas and similar people.

Shri Sonavane (Pandharpur): Sir, on a point of order. The hon. Member has just now said that he is prepared to face this crowd.

Shri Raghunath Singh: He said "touts".

Shri Sonavane (Pandharpur): No, he said "crowd". Is it in keeping with the dignity of the Members of this House?

श्री बागड़ी : क्राउड ही कहना ठीक है । जो क्राउड करता है वह आप कर रहे हैं ।

श्री स० मो० बनर्जी : मैं अपने मित्र श्री विभूति मिश्र की बहुत इज्जत करता हूं । अगर तमाम राजनीतिक पार्टियां और इंडीपैंडेंट मेम्बर आपस में तय कर ले कि चुनाव किस तरह से लड़ना है, पैसा कहां से . . . .

श्री विभूति मिश्र : मैं तीन चुनाव लड़ कर आया हूं । आप देख लें कि मैंने कितना खर्चा किया है और कहां से मेरे पास रुपया आया है ।

श्री रामसेवक यादव : आप झूठ बोलते हैं ।

श्री विभूति मिश्र : मैं चैलेंज करता हूं । १९५२ के इलैक्शन को देख लें, उसके बाद के इलैक्शंज को देख लें कि किन कैपिटलिस्ट्स से कितना पैसा मुझे मिला है । मैं चैलेंज करता हूं ।

श्री रामसेवक यादव : बिड़ला से चुनाव लड़ने के लिए पैसा ले कर आप लोग यहां बैठे हैं ।

श्री विभूति मिश्र : इन्होंने कहा है कि मैं झूठ बोलता हूं । मैं इनको चैलेंज करता हूं कि वह अपने इस आरोप को साबित करें ।

श्री राम सेवक यादव : पूछिये अपने नेता से कि किस के पैसे से चुन कर आते हैं ।

श्री रामेश्वरानन्द (करनाल) : जिस विषय पर विचार विमर्श चल रहा है, वह बहुत गम्भीर है । आप बीच में क्यों टोकते हैं ? जो माननीय सदस्य पक्ष में या जो विपक्ष में बोलते हैं, उन सब की बातें आपको शान्ति से सुननी चाहियें । देश के विभिन्न भागों से माननीय सदस्य चुन कर यहां आये हैं और इस तरह का प्रदर्शन करना उनको शोभा नहीं देता है । सारी बातें समाचारपत्रों में जाती हैं और पता नहीं कहां कहां जाती हैं । आपको शान्ति से बोलना चाहिये और शान्ति से सुनना चाहिये । जो युक्तियां हम दें, शान्ति से दें । विशेषत: जो सत्ता प्राप्त पार्टी है, उसको तो बहुत ही शान्ति से काम लेना चाहिये, उस को तो गम्भीरता का परिचय देना चाहिये ।

सभापति महोदय : भाषण करने के लिये आप को समय नहीं दिया गया है । आप बैठिये ।

श्री रामसेवक यादव : सरकारी दल तो विशेष तौर से अपने खिलाफ कोई बात सुन नहीं सकता है ।

श्री स० मो० बनर्जी : मेरे मित्र श्री विभूति मिश्र जी का इलैक्शन में अगर एक पैसा खर्च नहीं हुआ . . . .

श्री रामसेवक यादव : नोट खर्च हुए हैं, पैसा खर्च नहीं हुआ है ।

श्री स० मो० बनर्जी : जिस तरीके से वह किसानों के जले हुए दिल की पुकार की यहां तर्जुमानी करते हैं, उसको देखते हुए मैं विश्वासपूर्वक कह सकता हूं . .

Shri S. S. More: Is he speaking on the Bill or on himself.

Shri S. M. Banerjee: Please try to follow something, Shri More. You are older to me.

Mr. Chairman: The time at his disposal is very short. He should conclude soon.

Shri S. M. Banerjee: My time was taken up mostly by interruptions.

Mr. Chairman: The interruptions are also counted against his time.

Shri Daji: That should not be done. If that is done, I will see to it that not a single member of the Government benches is able to speak. Then, what will be the result? Therefore, I am requesting the Chair to keep order so that the Member may be able to speak without interruptions.

श्री स० मो० बनर्जी : ऐसा मैंटल इम्बैलेंस नहीं होना चाहिये । सौ डेढ़ सौ रुपये माहवार अगर बढ़ रहे हैं तो क्या बात है ।

जो देश की हालत है उसको आप देखें । हमारे रघुनाथ सिंह जी ने आस्ट्रेलिया की बात, न्यूजीलैंड की बात तथा दूसरे देशों की बात कही है । उनका अपनी कांस्टिट्युएंसी से काफी सम्पर्क है, इसको मैं मानता हूं । अभी परसों बनारस में आम हड़ताल थी और बाज़ार बन्द थे । यह क्यों हुई, इस को क्या आप जानते हैं ? राइजिंग प्राइसिस के खिलाफ यह हुई । न्यूजीलैंड की खबर तो उन्होंने रखी लेकिन बनारस की खबर बतलाने में उन्होंने भूल कर दी । रोज़ बढ़ी हुई प्राइसिस के बारे में अखबारों में खबरें आ रही हैं ।

आज मैं अखबार पढ़ रहा था । स्टेट्समैन मेरे सामने था । उसके पहले वर्क पर ही यह चीज़ आई है : "Appalling poverty in rural areas. Debts exceed 3,000 crores Rural households in India are saddled with debts exceeding Rs. 3,000 crores. This rather depressing disclosure is made by the latest Reserve Bank survey of rural indebtedness."

An Hon. Member: We have read it.

श्री स० मो० बनर्जी : हम आखिर कुछ आदर्श ले कर यहां आए हैं । यह ठीक है कि हमारा खर्च अधिक है । लेकिन उसके साथ साथ यह भी ठीक है कि हम हिन्दुस्तान के केवल उन ४०–५० लाख या एक करोड़ लोगों में से हैं जो कि सुखी हैं, जिन को दो वक्त का खाना मिल जाता है या जो अपने बाल बच्चों को पाल सकते हैं । लेकिन मैं इस सदन का ध्यान उन २७ करोड़ या २८ करोड़ लोगों की निस्बत आकर्षित करना चाहता हूं जिनको केवल साढ़े सात आने रोज की आमदनी है । आज जब चीनी, आक्रमण हमारे देश में है, हमारी मातायें, बहने और भाई, बुजुर्ग लुट कर, पिटते हुए कटते हुए, मुश्किल से एक फटी साड़ी ले कर, हमारे देश में आ रहे हैं, और उनको बसाने के लिये रुपया ढूंढा जा रहा है, ऐसे मौके पर अगर हम कहें कि हमारी तन्ख्वाह बढ़ाई जाय, तो यह क्या उनकी भुखमरी और उनके लुटे हुए सुहाग के साथ एक जबर्दस्त मजाक नहीं होगा । श्री विद्यालंकार ने कहा है कि फिलहाल इस बिल को न पास किया जाय, मैंने भी यह कहा है कि १० अगस्त, १९६४ तक इस सम्बन्ध में जनमत संग्रह किया जाय । मैं यह नहीं कहना चाहता कि आप इस बिल को पास न करें, लेकिन फिर भी इस पर एक जनमत संग्रह किया जाय, जनता की राय भी इसके सम्बन्ध में पूछी जाए, ताकि ऐसा न हो कि पार्लियामेंट के मेम्बरों, लोक सभा के सदस्यों के, जो कि इस स्थान पर प्रजातान्त्रिक उसूलों के रखवाले हैं, बारे में एक मजाक हो इस देश में, ऐसे वक्त में जब कि करोड़ों रुपये के टैक्सेज, लोगों की हड्डियों में जोंक की तरह चिपट कर हम ले रहे हैं और लोग खून का आखिरी कतरा टैक्स की शक्ल में दे रहे हैं ।

मैं निवेदन करना चाहता हूं कि मैं यह नहीं कहना चाहता कि जो कुछ प्रस्तावक महोदय ने इस बिल में कहा है उसमें उन का इरादा गलत है । इरादा ठीक हो सकता है । अगर उन्होंने अपने टेलिफोन के बिल दिखाये तो मैं भी निवेदन करना चाहता हूं कि छः या आठ महीने के बिल हमारे भी देख लिये जायें । यहां आने से पहले हम लोगों को भी आखिर २०० या २५० रु० महीने तन्ख्वाह मिला करती थी । अब आज ६०० या ७०० रु० मासिक मिलने के पश्चात् भी, गुजारा नहीं । हमारे देश के २७ करोड़ लोग भूखे रहें, नंगे रहें साढ़ेसात आने रोज पर गुजारा करें, हमारी माताओं और बहनों के सुहाग लुटवा कर आने के बाद भी, उनको किसी भी हालत में खाना न मिले, उनको कैम्प्स में रहना पड़े, सरकारी कर्मचारियों का मंहगाई भत्ता २ रु० बढ़े, ५ रु० बढ़े, २७ करोड़ लोग साढ़ सात आने रोज में गुजारा करें, ३००० करोड़ रु० हमारे यहां रूरल एनडेटेडनेस हो, किसानों के आशियाने जलते हों, उनकी बस्तियों में आग लकती हों, उनके बालबच्चे भूख के शिकार होते हों, फिर भी अगर हम कहें कि हमारी तन्ख्वाह बढ़ाई जाय, तो मैं कहूंगा कि हम लोग लोक सभा के सदस्य हैं, हम लोग इस देश के नीरों नहीं

16-13 hrs.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

हैं । वी कैननाट फिल्ड इन्टो एनटायर कंट्री इज इन फ्लेम्स । मैं निवेदन करूंगा, मैं संसद सदस्यों से हाथ जोड़ कर निवेदन करना चाहता हूं कि वे आज अपने दिल पर हाथ रख कर सोचें, उसके बाद इस बिल को लायें ।

केवल इतना ही नहीं कि यह बिल लाया गया है, अमेंडमेंट लाया गया है, श्री बारूपाल ने सोचा कि कहीं ऐसा न हो कि इसको प्रास्पेक्टिवली दिया जाय, कुछ एरियर्स भी मिलने चाहिये । उन्होंने कहा कि १० फरवरी, १९६४ से यह वेतन और भत्ता मिलना चाहिये ताकि जब घर जायें तो कुछ एरियर्स भी दिखा दें । मैं दिक्कतों को समझता हूं लेकिन विरोध इसलिये करता हूं कि जब तक देश में हम

[श्री स० मो० बनर्जी]

रोटी रोजी का सहारा न दे सकें, चीजों के दाम न घटा सकें, तब तक यह चीज नहीं पास होनी चाहिये। इसको विदड्रा कर लिया जाय ।

श्री प० न० कयाल : आप के पाकेट में दो कलमें हैं और हाथ में घड़ी है ।

श्री स० मो० बनर्जी : मेरे हाथ में घड़ी जरूर है, मेरे घर में फाउन्टेनपेन है । घड़ी से मैं देखता हूं कि कौन सा वक्त ऐसा है जिस में आप भ्रष्टाचार करते हैं और कलम से उसे लिखता हूं इस लिये मेरे पास घड़ी और कलम दोनों हैं ।

श्री रामसेवक यादव : उपाध्यक्ष महोदय, प्रस्तुत विधेयक असामयिक, अशोभनीय और मौजूदा परिस्थितियों में अनुपयुक्त है । श्री रघुनाथ सिंह ने जब विधेयक पेश किया तो तर्क दिये कि संसद सदस्यों का काम नहीं चलता । अच्छा होता कि इसके पहले कि श्री रघुनाथ सिंह लोक सभा के या संसद सदस्यों का वेतन ४०० रु० मासिक और २१ रु० दैनिक भत्ता के सम्बन्ध में कहते कि उसमें काम नहीं चलता कम से कम उन सरकारी कर्मचारियों की ओर देखते चाहे वे प्रदेश के हों या केन्द्र के हो, जिन का वेतन २ रुपया से लेकर ५ रु० तक बढ़ा और इस देश के २७ करोड़ लोगों की तरफ उनका ध्यान गया होता जिनकी एक दिन की आमदनी ३ आना है । मगर हम यहां पर अपनी उत्सुक्ता में यहां तक बढ़ गए कि इसी लोक सभा की चारदीवारी के अन्दर काम करने वाले छोटे छोटे कर्मचारियों, बाबुओं और यहां तक कि हमारे बेचारे मार्शल की जो स्थिति है उसकी तरफ भी ध्यान नहीं दे सके । अगर वे इस पर भी कुछ विचार करते तो भी मेरी समझ में आता, लेकिन इधर ध्यान नहीं दिया गया ।

यह भी कहा गया कि महंगाई बढ़ी हुई है। लेकिन महंगाई का मुकाबला करने के लिये तृतीय श्रेणी और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों का वेतन अथवा भत्ता २ और ५ रु० बढ़े और संसद् सदस्य का रोज का भत्ता १० रु० और वेतन १०० रु० बढ़े, जरा इन स्थितियों की हम तुलना करें। कहा जाता है कि हमको तन्ख्वाह बढ़ाने की इसलिये आवश्यकता पड़ती है कि महंगाई के समय में दो जगह हमारा रख रखाव है, एक तो यहां पर और एक घर पर, जरूरी है कि भत्ता में १० रु० रोज की और वेतन में १०० रु० मासिक को वृद्धि हो, कुछ हवा में उड़ने का भी मौका मिले । मैं निवेदन करूंगा कि धरती पर चलिये, जमीन से ताल्लुक रखिये, हवा में न उड़िये । हिन्दुस्तान गरीब है । फिर जब हम इस प्रश्न पर विचार करें तो बड़े सरकारी अफसरों के वेतन, भत्ते और सुविधा, उसके साथ साथ मंत्रियों के वेतन भत्ते और सुविधा उसके साथ साथ जो आप की लोक सभा है, राज्य सभा है, उसके सदस्यों के वेतन, भत्ते और सुविधा की तुलना में तीसरे, चतुर्थ श्रेणियों के कर्मचारियों के वेतन, भत्ते और सुविधा, जो लोग तीन आने रोज में जिन्दगी बसर करते हैं उनकी सारी परिस्थितियों को देखें । इसको देखने के बाद विचार करें कि क्या जो वेतन, भत्ते और सुविधायें उन लोगों को मिल रही हैं, उस परिस्थिति में यह उपयुक्त होगा कि हम अपने वेतन, भत्ते और सुविधायें बढ़ायें । अगर इन सारी परिस्थितियों पर गौर किया जायेगा तो मैं निवेदन करूंगा कि हमको यह मान कर चलना पड़ेगा कि जब तक इस देश के अन्दर ३ आने रोज की आमदनी वाले लोगों की आमदनी हम ८ आ०, १० आ०, १२ आ० या १ रु० रोज नहीं करते तब तक हम संसद् सदस्यों को कोई अधिकार नहीं है कि अपने वेतन, भत्ते और सुविधाओं में कोई बढ़ोतरी करें ।

श्री क० न० तिवारी (बगहा) : ३ आ० रोज वाली बात गलत है ।

श्री रामसेवक यादव : अगर ७ आने वाली बात ही को सही मान लिया जाये जो कि तिवारी जी कहते हैं या उनके मंत्री कहते हैं,तब भी ७ आ० रहते हुए भी यह उपयुक्त नहीं। जो ३ आ० और ७ आ० की बहस चलाते हैं उन के तर्क को मान लिया जाये तब भी यह चीज चलती नहीं।

मैं निवेदन करूं कि सुविधाओं के बारे में डा० राम मनोहर लोहिया ने साफ साफ कहा और उसके बारे में कुछ गलतफहमी भी हो गई कि वह सुविधा तो लेना चाहते हैं लेकिन वेतन और भत्ते में वृद्धि नहीं चाहते। जहां तक सुविधाओं का मतलब है, मैं कहना चाहूंगा कि संसद् सदस्य जो काम करते हैं उस में कम से कम उन को एक एक सहायक मिले तो उस सहायक के जरिये उन की कार्यकुलता बढ़ेगी और कुछ लोगों को काम मिलेगा। अगर इस तरह की सुविधा संसद् सदस्यों को दी जाती है तो वह उन की वैयक्तिक सुविधा नहीं होगी, उन के लिये तन्ख्वाह की सुविधा नहीं होगी।

श्री रघुनाथ सिंह ने यह भी कहा कि हम लोगों के चुनावों में पैसे ज्यादा खर्च होंगे, हम बिकेंगे और यह कि इधर राज्य सभा और विधान परिषद् के चुनावों में भ्रष्टाचार आया, विधान सभाओं के सदस्य बिके पैसे के सहारे। मैं निवेदन करूं कि अगर पैसे से बिकने से बचना चाहते हैं, अगर आप देश से भ्रष्टाचार का उन्मूलन चाहते हैं, तो वैसा आप १० रु० रोज भत्ता और १०० रु० मासिक वेतन तथा सुविधाओं को बढ़ा कर नहीं कर सकते क्योंकि तमाम भ्रष्टाचार है बिड़ला और टाटा की बदौलत। अगर सदाचार और ईमानदारी की बात आप केवल १० रु० रोज और १०० मासिक बढ़ा कर करना चाहते हैं तो आप धोखे में हैं। इस तरह से आप का उद्देश्य प्राप्त नहीं हो सकता है। इसलिये आप इस तर्क को मत दें।

कहा जाता है कि हम लोग विरोध के लिये विरोध करते हैं। मान लीजिये कि यह विरोध विरोध के लिये होता है तो आप उसे असली विरोध मान लीजिये और मत पास कीजिये इस कानून को। जब कभी कोई गैरसरकारी विधेयक इस तरह का प्रस्तावित हुआ तो हमेशा सत्तारूढ़ दल की तरफ से वापस ले लिया गया। मैं उम्मीद करूंगा कि श्री रघुनाथ सिंह इस पुरानी परम्परा को कायम रखेंगे और इसे वापस लेंगे।

मौजूदा परिस्थिति में जब कि संकट कालीन समय चल रहा हो, चन्दा मांगा जा रहा हो, एक एक पैसे का कर बढ़ाया जा रहा हो, लोग भूख से तड़प रहे हों, महंगाई से पीड़ित और त्रस्त हों, अगर आप इस प्रस्ताव को पास करेंगे तो दुनिया क्या कहेगी और देश क्या कहेगा।

यहां पर विदेशों के बड़े आंकड़े पेश किये गये, लेकिन वहां की राष्ट्रीय आमदनी, आस्ट्रेलिया, कैनाडा की राष्ट्रीय आमदनी क्या है। हिन्दुस्तान में एक व्यक्ति की आमदनी क्या है। उन देशों मे एक व्यक्ति की और औसत आमदनी क्या है और यहां क्या है ? अच्छा होता यदि श्री रघुनाथ सिंह अमरीका, कनाडा, आस्ट्रेलिया आदि के प्रति व्यक्ति की आमदनी के आंकड़े रखते और हिन्दुस्तान के भी प्रतिव्यक्ति की आमदनी के आंकड़े रखते। उससे पता चलता कि उनके तर्क में कहां खामी है। यह जो दलीलें उन्होंने दी हैं यह तो कुतर्क हुआ।

जो बात श्री बनर्जी ने कही है वह मैं भी दुहरा देना चाहता हूं। हम अगर संसद् सदस्य बने हैं तो स्वेच्छा से बने हैं, हम सेवा की भावना से सदस्य बने हैं। इसलिये यह कहना उचित नहीं कि हमको बाजार में क्या मिल सकता था। मैं तो देखता हूं कि हम में से बहुत से ऐसे सदस्य भी हैं जिनको बाजार में ढाई सौ रुपया तक नहीं मिलेगा। तो आर्थिक दृष्टि से अपनी कीमत आंकना उचित नहीं है।

[श्री रामसेवक यादव]

मैं निवेदन करूंगा कि जब हम लोग कहते हैं कि देश में आमदनी में एक और दस का अनुपात हो, किसी की आमदनी सौ रुपए से कम न हो और किसी की १००० रुपए से ज्यादा न हो तो उसका समर्थन नहीं किया जाता। हम जब कहते हैं कि तनख्वाहों पर रोक लगायी जाए, बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया जाए, चीजों के दाम बांधे जाएं, तो उस पर ध्यान नहीं दिया जाता। याद रखिए इस विधेयक को पास करके आप उस लक्ष्य के पास नहीं जा रहे हैं। इसलिए मैं मौजूदा विधेयक का घोर विरोध करता हूं और मैं निवेदन करना चाहूंगा कि जब हम महंगाई नहीं रोक सके, गरीबों को रोटी नहीं दे सके और १५ साल में भी समाजवाद नहीं ला सके, ऐसी स्थिति में यह काला कानून लाकर अगर हम अपनी सुविधाएं बढ़ाएंगे, तो हिन्दुस्तान की जनता हम को कोसेगी और बुरा कहेगी, और हमारे लिए यह कलंक और शर्म की बात होगी कि हम अपनी सुविधाओं को बढ़ाएं।

आज देश के बहुत लोग परेशान हो रहे हैं। आज गांधी जी की आत्मा सरकार को कोस रही होगी। यहां कहा जा रहा है कि अगर सदस्यों को ज्यादा वेतन और भत्ता मिलेगा तो भ्रष्टाचार कम होगा। लेकिन हम देखते हैं कि मन्त्रियों को तो ज्यादा वेतन मिलता है, मुफ्त बंगला मिलता है, मुफ्त बिजली मिलती है, कार का एडवांस मिलता है, लेकिन फिर भी कितने मन्त्री हैं जो स्टाफ कार का उपयोग नहीं करते। तो कहां खत्म हुआ भ्रष्टाचार। वह तो चल रहा है।

लोग टाटा और बिड़ला की बात कहते हैं। मैं मानता हूं कि मिश्र जी ने अपने चुनाव में एक पैसा खर्च न किया होगा लेकिन मैं कहता हूं कि इस सरकार का कोई मन्त्री या सत्तारूढ़ दल का कोई भी प्रभावशाली सदस्य ऐसा नहीं है जो किसी पंजीपति की जेब में न हो।

श्री रामेश्वरानन्द : मेरे समय का क्या हुआ ?

Shri Surendranath Dwivedy (Kendrapara): I have looked at the names of the sponsors of the Bill, and I quite realise the importance of the measure that we are discussing here. I find amongst the names of the sponsors of the Bill not only the name of the Secretary of the Congress Party, but also the names of the General Members of the Communist Party and the DMK and some independents. That means that Members have given some thought to the problem and I belive that probably before this measure was introduced in the House, there must have been some informal discussion. I do not quite know.

Shri Raghunath Singh: My hon. friend is quite right.

Shri Surendranath Dwivedy: So far as the principle of the Bill is concerned, I do not think that there is anything to object to, because Parliament has accepted the principle of a salary and an allowance to Members of Parliament. What is proposed to be done under this Bill is to increase the salary and allowance. The question is whether that is justifiable under the circumstances.

